S.C.No.—M/22/2001502

B. A. EXAMINATION, 2022

(Fifth Semester)

(Main/Re-appear)

HINDI (Compulsory)

Time : 3 Hours *Maximum Marks :* 80

नोट : किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **8×2=16**

(क) सांप !

तुम सभ्य तो हुए नहीं

नगर में बसना

भी तुम्हें नहीं आया

एक बात पूछूं-(उत्तर दोगे) तब कैसे सीखा डँसना

विष कहाँ पाया ?

(ख) लेकिन मुझे फेंको मत

इतिहासों की सामूहिक गति

सहसा झूठी पड़ जाने पर

क्या जाने सच्चाई टूटे हुए पहियों का

आश्रय ले ।

https://www.cbluonline.com

(ख) लेकिन मुझे फेंको मत

इतिहासों की सामूहिक गति

सहसा झूठी पड़ जाने पर

क्या जाने सच्चाई टूटे हुए पहियों का

आश्रय ले ।

(ग) ''जहाँ तक मेरा अपना संबंध है

सुनिए महाराज,

तनिक भी पीर नहीं

दु:ख नहीं, दुविधा नहीं, सरलतापूर्वक निकले थे प्राण

सह न सकी आंत जब पेचिश का हमला''

सुनकर दहाड़,

स्वाधीन भारत के

भुखमरे, स्वाभिमानी,

सुशिक्षक प्रेत की

रह गए निरुत्तर,

महामहिम नरकेश्वर !

(घ) कितना अच्छा था छायावादी

एक दुख लेकर वह एक गान देता था

https://www.cbluonline.com

कितना कुशल था प्रगतिवादी
हर दुख का कारण वह पहचान लेता था
कितना महान था गीतकार
जो दुख के मारे अपनी जान लेता था
कितना अकेला हूँ मैं इस समाज में
जहाँ सदा मरता है एक और मतदाता ।

2. डॉ. धर्मवीर भारती का साहित्यिक परिचय दीजिए । 16

अथवा

रघुवीर सहाय का साहित्यिक परिचय दीजिए ।

3. नरेश मेहता की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए । 16

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2×8=16**

(क) 'यह दीप अकेला' कविता में निहित भाव को स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'रथ का टूटा पहिया' शीर्षक कविता के माध्यम से कवि ने समाज को क्या संदेश दिया है ?

(ग) 'काला नंगा बच्चा पैदल' शीर्षक कविता में कवि ने जिस ज्वलंत समस्या का उल्लेख किया है, उस पर अपने विचार अभिव्यक्त कीजिए ।

https://www.cbluonline.com

(घ) नागार्जुन जनसाधारण के प्रतिनिधि कवि हैं । स्पष्ट कीजिए ।

5. भारतेंदु युगीन कवियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए । 16

अथवा

द्विवेदी युगीन काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

6. छायावादी काव्य की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए । 16

अथवा

समकालीन कविता की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

7. प्रयोगवादी कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए । 16

अथवा

नयी कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2×8=16**

(क) हरियाणा सरकार के कृषि मंत्रालय के सचिव की ओर से जिला उपायुक्त को पत्र लिखिए, जिसमें बाढ़ से निपटने के सुझाव हों ।

https://www.cbluonline.com

(ख) देश में बढ़ रही विघटनकारी प्रवृत्तियों के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए दैनिक ट्रिब्यून चंडीगढ़ के संपादक को पत्र लिखिए ।

(ग) संक्षेपण किसे कहते हैं ? संक्षेपण प्रक्रिया की विधि बताते हुए संक्षेपण की प्रमुख विशेषताओं का परिचय दीजिए ।

(घ) पल्लवन का अर्थ बताते हुए उसकी प्रक्रिया और नियमों का उल्लेख कीजिए ।

9. निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **8×2=16**

(क) पाठ्यक्रम में संकलित 'अज्ञेय' जी की **पाँच** कविताओं के नाम लिखिए ।

(ख) 'अकाल और उसके बाद' कविता में कवि ने चूल्हा न जलने व चक्की न चलने का कारण क्या बताया है ?

(ग) अर्ध सरकारी-पत्र किसे कहते हैं ?

(घ) द्विवेदी युगीन प्रमुख कवितों के नाम लिखिए ।

(ङ) छायावाद के **चार** प्रमुख कवियों के नाम लिखिए ।

(च) नागार्जुन का वास्तविक नाम क्या है ?

(छ) संक्षेपण के **दो** गुण लिखिए ।

(ज) पत्र मुख्यतः कितने प्रकार के होते हैं ? नाम बताइए ।

https://www.cbluonline.com